16.03.2026

LOKSATYA

'नशा मुक्त दिल्ली' अभियान तेज, पुलिस की एएनटीएफ मजबूत

- **कई कुख्यात ड्रग तस्कर पीआईटीएनडीपीएस एक्ट में हिरासत में**

नई दिल्ली, लोकसत्य। राजधानी में नशीले पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए दिल्ली पुलिस ने 'नशा मुक्त दिल्ली' अभियान के तहत अपनी कार्रवाई और तेज कर दी है। इसी कड़ी में एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) को और मजबूत किया गया है तथा कुख्यात और आदतन ड्रग तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

देवेश चंद्र श्रीवास्तव,विशेष पुलिस आयुक्त(अपराध)एवं प्रमुख, नशा-विरोधी कार्य बल (एएनटीएफ) ने बताया कि दिल्ली पुलिस आयुक्त के निर्देश पर चलाए



जा रहे इस विशेष अभियान के तहत एएनटीएफ में अनुभवी और वरिष्ठ अधिकारियों की तैनाती की गई है। इनमें संयुक्त पुलिस आयुक्त धीरज कुमार, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अभिषेक धानिया और पुलिस उपायुक्त राहुल अलवाल को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। ये अधिकारी विशेष टीमों के साथ मिलकर दिल्ली में सक्रिय ड्रग तस्करी के नेटवर्क के खिलाफ अभियान चला रहे हैं।

देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि जनभागीदारी और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए दिल्ली पुलिस की एएनटीएफ ने पिछले महीने अपनी आधिकारिक वेबसाइट (https://antf.delhipolice.gov.in/) और समर्पित लोगो भी लॉन्च किया है।

इस वेबसाइट के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया जाएगा तथा ड्रग से जुड़े अपराधों की जानकारी साझा करने के लिए नागरिकों को प्रोत्साहित किया जाएगा। साथ ही यह मंच पुलिस की कार्रवाई और सलाह संबंधी जानकारी भी उपलब्ध कराएगा।